Cash Back By Cyber Cell Kanpur Nagar

- **Pan Card KYC अपडेट करने के नाम हुई 10 लाख रुपये की साइबर ठगी**
- **साइबर ठगों द्वारा पीड़ित को बैंक के रजिट्रर्ड मोबाइल नं0 पर भेजा KYC अपडेट का SMS**
- **फर्जी लिंक भेजकर उड़ा लिये खाते से 10 लाख रुपये**
- **साइबर सेल ने की साइबर ठगी की शिकायत की जांच**
- **साइबर सेल द्वारा गहनता से कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते में वापस कराये 09 लाख 17 हजार रुपये/-**

डीसीपी क्राइम के निर्देशन में कानपुर नगर में साइबर क्राइम की रोकथाम तथा गहन कार्यवाही के अतंर्गत साइबर सेल द्वारा कार्यवाही करते हुए Pan Card KYC अपडेट करने के नाम हुई 10 लाख रुपये की साइबर ठगी के पीड़ित के बैंक खाते में वापस करायी शत- प्रतिशत धनराशि 09 लाख 17 हजार रुपये/- रुपये।

प्रकरण इस प्रकार है कि दिनांक 26.02.2023 को पीड़ित / आवेदक मोहम्मद सैम निवासी चमनगंज कानपुर नगर द्वारा साइबर ठगी के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया । जिसमें आवेदक द्वारा बताया गया कि साइबर ठगों द्वारा आवेदक के बैंक रजिट्रर्ड मोबाइल नंबर पर Pan Card KYC अपडेट करने के लिए फर्जी लिंक बनाकर SMS भेजा गया । जिसमें लिखा था कि KYC अपडेट न करने पर आपका खाता बंद हो जायेगा । जिसको वास्तविक मानकर आवेदक द्वारा SMS को लिंक को खोलकर अपनी सभी बैंक संबंधित जानकारी उस फर्जी SMS में भर दी गयी । जिसके तुरंत बाद आवेदक के खाते से 10 लाख रुपये उड़ गये ।

पीड़ित के साथ हुई 10 लाख रुपये की साइबर ठगी पर साइबर सेल क्राइम ब्रांच ने जांच शुरु की जिसमें साइबर सेल को पता चला कि साइबर ठगों द्वारा पीड़ित को फर्जी लिंक भेजकर ठगी के रुपयों से अन्य किसी Credit Card का पेमेंट किया गया । जिसमें साइबर सेल द्वारा निरतंर गहन कार्यवाही करते हुये इस ठगी के संबंध में संबंधित बैंक तथा मर्चेन्ट को नोटिस भेजा तथा अन्य जांच संबंधी कार्य पूर्ण किये । जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 29.08.2023 को 10 लाख रुपये में से 09 लाख 17 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराये ।

बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर सभी का जागरुक रहना बहुत जरुरी है साइबर ठग नये नये तरीकों से साइबर ठगी को अंजाम दे रहे है । लालच में आकर साइबर ठगी का शिकार होने से बचे । साइबर क्राइम की शिकायत 1930 पर करें ।

डीसीपी क्राइम- सलमानताज पाटिल